NES-104

CERTIFICATE IN GUIDANCE (CIG)

Term-End Examination

December, 2021

NES-104 : GUIDING SOCIO-EMOTIONAL DEVELOPMENT OF CHILDREN

Time : 3 hours *Maximum Weightage : 70%*

Note : *All questions are* ***compulsory****. All questions carry equal weightage.*

---

1. Answer the following question in about 1000 words :

What are the general characteristics of a child in late childhood ? Discuss the socio-cultural problems faced by children in late childhood.

OR

What is meant by Aggression ? Discuss the broad factors that are related to aggression. Suggest activities and strategies to overcome aggressive behaviour of children.

2. Answer the following question in about 1000 words :

What is speech problem ? Discuss organic and non-organic causes of speech problems.

OR

Describe the special problems faced by the SC and ST children. Suggest means and methods to minimise their special problems.

3. Answer any ***four*** of the following questions in about 250 words each :

(a) Explain conversion syndrome with the help of an example. Suggest remedies that can help children overcome such syndrome.

(b) Mention the steps to be followed while analysing the behaviour of a child who has anxiety or fear.

(c) Explain the problem of truancy among children in the school with an example. Mention the reasons of truant behaviour among the children.

(d) Differentiate between mentally retarded and normal children. State common features of mentally retarded children.

(e) What is art therapy ? Explain how it helps children with aggressive and withdrawn behaviour.

(f) What are fluency problems in children ? Suggest remedial measures to help children overcome fluency problems.

मार्गदर्शन में प्रमाण-पत्र (सी.आई.जी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2021

एन.ई.एस.-104 : बच्चों के सामाजिक-संवेगात्मक विकास में मार्गदर्शन

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

नोट : *सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं । सभी प्रश्नों की भारिता समान है ।*

1. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 1000 शब्दों में दीजिए :

उत्तर बाल्यावस्था में बच्चे की सामान्य विशेषताएँ कौन-सी हैं ? उत्तर बाल्यावस्था में बच्चों द्वारा सामना की जा रही सामाजिक-सांस्कृतिक समस्याओं की परिचर्चा कीजिए ।

अथवा

स्वाग्रह/आक्रामकता (ऐग्रेशन) का क्या अर्थ है ? स्वाग्रह/आक्रामकता से सम्बन्धित मुख्य कारकों की परिचर्चा कीजिए । बच्चों के स्वाग्रही/आक्रामक (अग्रेसिव) व्यवहार को दूर करने के लिए क्रियाकलाप व रणनीतियाँ सुझाइए ।

2. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 1000 शब्दों में दीजिए :

वाक् दोष (स्पीच प्रॉब्लम) क्या है ? वाक् दोषों के जैविक तथा अजैविक कारणों की परिचर्चा कीजिए ।

अथवा

एस.सी. और एस.टी. बच्चों द्वारा सामना की जा रही विशेष समस्याओं का वर्णन कीजिए । इन विशेष समस्याओं को कम करने के उपाय और तरीके सुझाइए ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :

(क) एक उदाहरण की सहायता से रूपान्तर लक्षण (कनवर्जन सिन्ड्रोम) की व्याख्या कीजिए । ऐसे लक्षण को दूर करने में बच्चों के लिए सहायक उपाय सुझाइए ।

(ख) चिन्ता अथवा भय से ग्रसित बच्चे के व्यवहार का विश्लेषण करते समय अनुसरण किए जाने वाले कदमों (Steps) का उल्लेख कीजिए ।

(ग) विद्यालय में बच्चों में भगोड़ापन (ट्रुएन्सी) की समस्या की एक उदाहरण द्वारा व्याख्या कीजिए । बच्चों में भगोड़े व्यवहार के कारणों का उल्लेख कीजिए ।

(घ) मानसिक रूप से मन्दित (मेन्टली रिटार्डेड) और सामान्य बच्चों में अन्तर स्पष्ट कीजिए । मानसिक रूप से मन्दित बच्चों के सामान्य लक्षण बताइए ।

(ङ) कला चिकित्सा (आर्ट थेरेपी) क्या है ? स्पष्ट कीजिए कि यह स्वाग्रही/आक्रामक (अग्रेसिव) और विनिवर्तित व्यवहार (विथड्रान विहैवियर) वाले बच्चों की किस प्रकार सहायता करता है ।

(च) बच्चों में प्रवाह/धाराप्रवाहिता (फ्लुएन्सी) की समस्याएँ क्या हैं ? प्रवाह/धाराप्रवाहिता की समस्याओं को दूर करने में बच्चों के लिए सहायक निदानात्मक उपाय सुझाइए ।